प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

07.04.2025/प्रादेशिक समाचार/15.00बजे

विश्वस्वास्थ्य दिवस

आज विश्व स्वास्थ्य दिवस है। इस उपलक्ष्य पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक स्वस्थ विश्व के निर्माण के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है। अपने संदेश में उन्होंने कहा कि सरकार स्वास्थ्य सेवा पर ध्यान केंद्रित करना जारी रखेगी और लोगों की भलाई के विभिन्न पहलुओं में निवेश करेगी। नरेन्द्र मोदी ने कहा कि अच्छा स्वास्थ्य हर समृद्ध समाज की नींव है। एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए उन्होंने बताया कि रिपोर्ट के अनुसार 2050 तक 44 करोड़ भारतीय मोटापे के शिकार होंगे। उन्होंने सभी से अपने भोजन में कम से कम 10 प्रतिशत तेल कम करने का आग्रह किया और व्यायाम को अपनी जीवन शैली का हिस्सा बनाने के लिए प्रोत्साहित किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि प्रत्येक नागरिक का ये प्रयास विकसित भारत की यात्रा में उनका सामूहिक योगदान होगा।

..........................................................

महासंघ

संयुक्त कर्मचारी महासंघ ने एरियर, डीए सहित अन्य मांगों को लेकर सरकार पर दबाव बनाने के लिए रणनीति बनानी शुरू कर दी है। कर्मचारी महासंघ की आज शिमला जिला इकाई की बैठक कालीबाड़ी में हुई जिसमें कर्मचारियों ने वित्तीय देनदारियों की अदायगी न होने पर सरकार के खिलाफ रोष जाहिर किया। संयुक्त कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष वीरेन्द्र चौहान ने कहा कि बैठक में आगामी रणनीति पर योजना बनाई गई है। संयुक्त कर्मचारी महासंघ प्रदेश के सभी जिलों में इस तरह के अधिवेशन करेगी और तीन महीने के भीतर आंदोलन की रूपरेखा तैयार की जाएगी।

महासंघ के महासचिव हीरालाल वर्मा ने कहा कि ओपीएस लागू करना सरकार का पहला वादा था लेकिन उसमें भी सरकार ने भेदभाव किया है और बिजली बोर्ड सहित निगमों व बोर्डों में इसे लागू नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि अपनी सैलरी में विधायकों ने बेतहाशा वृद्धि की है, वहां तो सरकार को आर्थिक तंगी नजर नहीं आ रही है।

..........................................................

धरना प्रदर्शन

पिछले लंबे समय से शिमला में बैकलॉग भर्तियों की मांग को लेकर धरने पर बैठे दृष्टिहीन संघ ने आज छोटा शिमला सचिवालय के बाहर चक्का जाम किया। इस दौरान संघ का कहना है कि पिछले 5 सौ 35 दिनों से दृष्टिबाधित लगातार बैकलॉग कोटे खाली पदों की एक मुश्त भर्ती की मांग कर रहा है और कई दौर की वार्ता के बावजूद भी अभी तक सरकार ने कोई निर्णय नहीं लिया है। दृष्टिहीन संघ के पदाधिकारी राजेश ठाकुर ने कहा

कि राज्य सरकार व्यवस्था परिवर्तन और सुख की सरकार का दावा करती है लेकिन दृष्टिहीन के साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है जिसके चलते वह सड़कों पर है। उन्होंने कहा कि जब तक मांगे न मानी गई तब तक चक्का जाम होता रहेगा।

.......................................................

<u>विधानसभा अध्यक्ष</u>

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा है कि श्रमिक वर्ग व उनके आश्रितों का कल्याण सुनिश्चित करने के लिए प्रदेश भवन व अन्य निर्माण, कामगार कल्याण बोर्ड द्वारा कई योजनाएं कार्यान्वित की जा रही है। चंबा के चुआड़ी में इस संबंध में आयोजित एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि भटियात विधानसभा क्षेत्र में गत वर्ष के दौरान कामगार कल्याण बोर्ड से पंजीकृत पात्र लाभार्थियों को विभिन्न योजनाओं के तहत करीब एक करोड़ रूपए की धनराशि से लाभान्वित किया गया जो हर्ष का विषय है।

.......................................................